सार-समाचार

चिकित्सा शिविर लगाया

कोटा, (निसं)। ऑल इण्डिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन ने कोटा मण्डल रेल चिकित्सालय, एवं ईथॉस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान मे निःशुल्क मेगा हेल्थ चेक अप कैंप बुधवार को उमरावमल पुरोहित सभागार मे आयोजित किया गया। एआईआरपीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष जीपी सिंह व सचिव डीके अरोड़ा ने बताया कि इस मेगा चेकअप केम्प का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी मण्डल रेल चिकित्सालय कोटा सूपर्णा सेन राय व इथॉस हॉस्पिटल के डायरेक्टर हर्ष दाधीच, एआईआरएफ के कार्यकारिणी सदस्य ईरशाद खान ने किया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियो डॉक्टर बृजमोहन पॉल्मोनोलाजिस्ट, डॉ.भूपेन्द्र बांठला इंटरनेशनल कॉर्डियोलॉजिस्ट, डॉ. रोहित दाधीच एडवांस लेप्रोस्कोपिक व जीआई सर्जरी, डॉ. आशीष पेमावत न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ. सविता त्यागी डायटिशियन, डॉ. आदित्य शर्मा यूरोलॉजिस्ट, ईथॉस के कॉर्डिनेटर रूपेश माथुर, शैलेन्द्र, हितेष व रेलवे चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण टक्कर, नरेश मालव कार्यकारिणी सदस्य का बारी बारी से माल्यार्पण कर सचिव डीके अरोड़ा ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि सूपर्णा सेन राय ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत, सेवारत रेल कर्मचारियों व उनके आश्रितों के हितार्थ किये जाने वाले सेवाकार्यो के लिए फेडरेशन की प्रशंशा की तथा आश्वासन दिया कि मण्डल रेल चिकित्सालय मे भी मेडिसन, जांच व चिकित्सा आदि में हरसंभव सहायता दी जायेगी। प्रात:9 बजे से दोपहर दो बजे तक चले इस शिविर मे 292 लोगों का रजिस्ट्रेशन कर सभी स्पेशलिस्ट डॉक्टरो द्वारा नाक, कान, गला, हृदय, त्वचा, दमा व श्वांस, सर्जरी, डायटिशियन, फिजिशियन, न्यूरो, स्पाईन व आर्थोपेडिक से संबंधित रोगो की जांच कर परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त बीपी, शुगर व ईसीजी की जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

जागरूकता शिविर आज

कोटा, (निसं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना (बीआर यूपीवाई) के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन गुरुवार, 25 सितम्बर को पंचायत समिति लाडपुरा में किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य दलित एवं आदिवासी वर्ग के इच्छुक आवेदकों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन्हें आवेदन की प्रक्रिया से अवगत कराना है। शिविर में बीआरयूपीवाई योजनान्तर्गत आवेदकों को आमंत्रित कर उनके आवेदन पत्र मौके पर तैयार करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि शिविर में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जुडी संभावनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा और उन्हें स्वरोजगार योजना से संबंधित ऋण आवेदन पत्र भरवाने की प्रक्रिया में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार यह शिविर न केवल योजनाओं की जानकारी देने का मंच बनेगा, बल्कि ग्रामीण अंचल और समाज के वंचित वर्गों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में ठोस अवसर भी उपलब्ध कराएगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया

छबड़ा (निसं)। स्ववितपोशित कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुडने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने बताया कि सत्र-2025 का राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया और युवाओं के लिए मेरा भारत की थीम पर मनाया गया। डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का मोटो है 'मैं नहीं आप'। बैरवा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व और उनके चरित्र का विकास करना और उनको सामूहिक सेवा के माध्यम से समाज सेवा का अनुभव प्रदान करना है, जिससे स्वयंसेवक मानव समुदाय की आवश्यकताओं को समझकर समस्या समाधान में अपना योगदान दे सके। प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसके सेवा के माध्यम से शिक्षा के आदर्श के साथ स्वयंसेवकों को स्वयं सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व और चरित्र को निखारने का अवसर मिलता है, इसके माध्यम से युवा छात्र-छात्राओं को सामुदायिक सेवा में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है।

दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

कोटा, (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म के 19 महीने पुराने मामले में पोक्सो क्रम-2 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही 1 लाख के अर्थदंड से दंडित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक वीरेन्द्र सिंह भानावत ने बताया कि पीड़िता ने 13 फरवरी 2024 को शहर के एक थाने में रिपोर्ट दी। पिड़िता ने रिपोर्ट में कहा कि 16 फरवरी 2023 को उनके परिचित घर पर आये उस समय घर पर कोई नही था, उसको जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी फोटो व विडियो वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार उसको बुलाकर उससे दुष्कर्म किया। रिपोर्ट में कहा कि वह इतने डिप्रेशन में आ गई कि उसने सुसाईड करने का प्रयास किया, उसके माता-पिता ने उसे बचाया। पुलिस ने पिड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में 14 गवाहों के बयान दर्ज किये गये।

'सिन्धी समाज की सेवा की भावना प्रेरित करती है'

कोटा, (निसं)। श्री झुलेलाल सिन्धी पंचायत स्टेशन की ओर आयोजित असूचन्द छेज महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कोटा उत्तर के विधायक शांति धारीवाल ने कहा कि सिन्धी समाज की सेवा की भावना सबको प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि वे सदैव समाज की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते आए हैं तथा विकास के किसी भी कार्य को सर्वाधिक महत्व देते हैं। मुख्य अतिथि शांति धारीवाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, 64 वार्ड की पार्षद निशा गौतम, विनोद गौतम का स्वागत पंचायत के संरक्षक हरीश जगवानी, बजरंग सुखवानी, महासचिव गोपाल मूलचंदानी, मीडिया सलाहकार किशन रतनानी, सचिव डैनी जेसवानी ने साफा, माला और शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया। धारीवाल ने सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले 2 छात्र छात्राओं को प्रतीकात्मक रूप से और विशेष प्रस्तुति करने वाली गरिमा इदनानी, राधिका जगवानी, नेहा गेरा, सुरभि इदनानी को सम्मानित किया।

समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन

छबड़ा (निसं)। भारत विकास परिषद द्वारा समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें कस्बे के डिवाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मदनलाल भवानी शंकर गुप्त आदर्श विद्या मंदिर, सफलता शिक्षण संस्थान और बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के तहत विद्यालयों ने हिंदी, संस्कृत, और राजस्थानी लोकगीत में प्रस्तुति दी। जिसमें सफलता स्कूल ने प्रथम और बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीनाथ बारबर, दामोदर रावल और मृदुला जैन रहे। परिषद सचिव ओमनारायण गालव, कोषाध्यक्ष सुनील भार्गव थे। संचालन वैभव पारीक, ऊषा शर्मा ने किया।

करंट से महिला की मौत

छबड़ा (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के घट्टा गांव निवासी एक महिला की खेत पर कृषि कार्य करने के दौरान विद्युत करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई, घटना की सूचना पर पहुंची बापचा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घट्टा गांव निवासी सीमाबाई मीना बुधवार को अपने पति नंदराम मीना के साथ खेत पर कृषि कार्य कर रही थी इसी दौरान विद्युत करंट की चपेट में आ गयी जिससे वह अचेत हो गई, परिजन अचेतावस्था में उसे छबडा चिकित्सालय पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके के प्रेम नगर में युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। जानकारी के अनुसार युवक कोटा में रहकर आरसीसी का काम करता था, लेकिन पिछले दो-तीन महीनों से बेरोजगार था, जिससे वह मानसिक तनाव में था। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रेम नगर निवासी विनोद ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया। मृतक मूल रूप से यूपी का रहने वाला था जो परिवार सहित कोटा में किराये से रहता था। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आयुक्त ने सफाई व्यवस्था को लेकर मध्य रात्रि को निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मध्य रात्रि 10 बजे से लेकर 1 बजे तक सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा नगर निगम कोटा दक्षिण ने शहरी सीमा क्षेत्र में निरीक्षण किया।

निरीक्षण का कार्य उन्होंने नाग-नागिन मंदिर से शुरू किया इस दौरान उन्होने कोटड़ी चौराहे स्थित कचरा पोईन्ट को लेकर नगर निगम कोटा दक्षिण की स्वास्थ्य अधिकारी ऋचा गौतम को जरूरी निर्देश दिये तत्पश्चात उन्होने कोटडी चौराहे एवं छावनी चौराहा के मध्य स्थित दुकानदारों को सड़क पर कचरा न फैलाने के आदेश दिये एवं ऐसा न करने पर जरूरी कार्यवाही के लिए चेताया।

इसके बाद आयुक्त ने गुमानपुरा मुख्य मार्ग, संजय नगर चौराह होते हुए आहलुवालिया मोल के सामने, एरोड्राम चौराहा, कॉमर्स कॉलेज रोड होते हुए केशवपुरा चौराहे से घटोत्कच्छ चौराहा तक निरीक्षण किया फिर यहां से श्रीनाथपुरम स्थित फायर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान फायर स्टेशन पर रात्रि ड्यूटी पर उपस्थित कार्मिको से उनकी तैयारी एवं संसाधनों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद चम्बल गार्ड रोड होते हुए वह दशहरा मैदान पहुचे एवं दशहरा मैदान की मेले के दौरान नियमित सफाई के निर्देश दिये।

नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने शहरी सीमा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया।

नकली नोटों के रैकेट का पर्दाफाश : पुलिस ने दस हजार के इनामी अपराधी को गुजरात से दबोचा

जयपुर/कोटा (निसं)। नकली नोटों के निर्माण और प्रचलन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में झालावाड पुलिस ने राज्य स्तरीय अपराधी और 10 हजार रुपये के इनामी अमरचंद उर्फ राधे मीणा बाबूलाल निवासी रीछवा थाना अकलेरा को गिरफ्तार किया है। यह अपराधी पिछले दो वर्षों से अपनी पहचान छिपाकर गुजरात में रह रहा था।

जिला स्तर पर टॉप-10 वांछितों में शामिल:- पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अपराधी अमरचंद उर्फ राधे मीणा नकली मुद्रा के मामले में कई राज्यों में वांछित था। जो पुलिस थाना अकलेरा में वर्ष 2023 के जाली नोट मामले में फरार चल रहा था। यह अपराधी थाना, वृत्त और जिला स्तर पर टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में भी शामिल था।

अन्य राज्यों में भी था वांछित:- अमरचंद सिर्फ झालावाड़ में ही नहीं बल्कि पुलिस थाना कोतवाली अजमेर, पुलिस थाना ब्यावर सिटी जिला ब्यावर और नई दिल्ली क्राइम ब्रांच में भी नकली नोट बनाने और चलाने के मामलों में वांछित था। यह अपराधी अपने शातिर तरीकों से पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन झालावाड पुलिस की विशेष टीम ने आखिरकार उसे ढूंढ निकाला।

एसपी कुमार ने बताया कि पुलिस थाना अकलेरा की टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस टीम अहमदाबाद पहुंची, जहां अमरचंद अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। एक सुनियोजित ऑपरेशन के तहत टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली इस टीम में एसएचओ भूपेश शर्मा, हेड कांस्टेबल महेंद्र, और कांस्टेबल लखनलाल, दयालचंद, और केसाराम शामिल थे।

महिला सशक्तिकरण नक्षत्र दो दिवसीय एक्जीबिशन 26 व 27 को

कोटा, (निसं)। महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के उद्देश्य को लेकर नक्षत्र ग्रुप की ओर से आगामी 26 व 27 सितम्बर को दो दिवसीय एक्जीविशन का आयोजन झालावाड़ रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में किया जायेगा।

नक्षत्र ग्रुप की डायरेक्टर नीलम विजयवर्गीय ने बताया कि आयोजित होने वाले दो दिवसीय मेले में हजारो परिवारों की प्रतिभागिता ने महिला सशक्तीकरण व एकजुटता तथा जरूरतमंद महिलाओं के विकास व प्रोत्साहन को मजबूत किया है। दो दिवसीय एक्जीविशन का समय सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा, एक्जीविशन में कई राज्यो से महिला उद्यमी अपने उत्पादों को लेकर पहुंची है। उन्होने बताया कि एक्जीविशन में कपड़े, ज्वैलरी के स्टॉल के साथ-साथ त्यौहारों व शादियों के लिये वेडिंग कलेक्शन, घरों को सजाने के लिये डेकोरेशन का सामान आदि वस्तुओ के उत्पाद मेले का आकर्षण रहेगे। मेले में करीब 140 स्टॉल लगाई जायेगी, मेले में ज्वैलरी, हेंड मेंड उत्पाद, खाघ पदार्थो की वृहद श्रृंखला अचार पापड़ सहित कई उत्पाद सम्मलित होंगे। नक्षत्र ग्रुप की ऋचा विजय व गार्गी चौहान ने बताया कि ग्रुप जरूरतमंद महिलाओं के कारोबार के लिये प्रयासरत रहता है। नक्षत्र एक्जीविशन में आने वाले लोगों को एक ही छत के नीचे विभिन्न उत्पादों के मिलने की सुविधा रहेगी। नक्षत्र ग्रुप की सदस्यों ने बताया कि इस एक्जीविशन में होने वाली आय से वर्षभर सामाजिक व जरूरतमंद लोगो की मदद की जाती है। ग्रुप की ओर से गत् वर्ष सुकन्या समृद्धि योजना में गोद ली गई 31 जरूरतमंद कन्याओं को इस बार भी नक्षत्र एक्जीविशन की आय में से राशि जमा कराई जायेगी। इस मौके पर नक्षत्र ग्रुप की कीर्ति खण्डेलवाल, शिप्रा मित्तल, स्मिता पाटनी, प्रीति जैन भी मौजूद थी।

अनुमानित कीमत 80 लाख के 384 मोबाइल पुलिस ने रिकवर किये

कोटा, (निसं)। शहर पुलिस के विभिन्न थाना क्षेत्रो में पुलिस टीम ने चलाये गये विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए 384 मोबाईल रिकवर किये है, जिनकी अनुमानित कीमत 80 लाख रूपये करीब है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर के सीईआईआर पोर्टल व विभिन्न थानों पर कोचिंग छात्रों व आमजन से गुमशुद्धा हुए मोबाईल फोन की दर्ज रिपोर्ट पर मोबाईल की तलाश व बरामदगी के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के सुपरविजन में साईबर सेल व थाना स्तर पर अलग-अलग टीमें गठित कर मोबाईलों की रिकवरी के प्रयास किये गये। गठित टीम ने लगातार तकनीकी विशलेषण कर विभिन्न राज्यों से विभिन्न कंपनियों के मोबाईलों को रिकवर किया है। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीमो ने अलग-अलग इलाकों से गुम व चोरी हुए 384 स्मार्टफोन को रिकवर किया हैं जिनकी अनुमानित कीमत 80 लाख रूपये करीब है। शहर एसपी ने बताया कि बरामद हुए मोबाईलों को उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया। रिकवर हुए मोबाईलों में से कुछ मोबाईल कोचिंग स्टूडेन्ट्स के है। शहर एसपी ने बताया कि उक्त अभियान में साईबर सैल कोटा शहर व थाना स्तर की टीमों की विशेष भूमिका रही है।

शहर एसपी ने कहा कि अगर किसी का मोबाईल चोरी या गुम हो जाये तो वह राजस्थान पुलिस की वेबसाईट पर ऑनलाईन रिपोर्ट दर्ज करा सकता है, साथ ही सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी अपलोड करके मोबाईल को ब्लॉक करा सकता है, इससे गुमशुद्धा मोबाइल को ट्रेस करना आसान होगा।

साईबर सैल व थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा 384 मोबाईल को रिकवर किये।

राज्य स्तरीय बास्केटबॉल खेलेगी मोशन की वेदा माहेश्वरी

कोटा, (निसं)। कोटा की छात्रा वेदा माहेश्वरी ने खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। वेदा, मोशन एजुकेशन के फाउंडेशन डिवीजन के स्कूल ओलिंपियाड प्रोग्राम की कक्षा 9 की छात्रा है। मोशन एजुकेश के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। वेदा की उपलब्धि इस सोच का उदाहरण है, जिसने यह साबित कर दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। अब वेदा माहेश्वरी राज्य स्तरीय शिविर में हिस्सा लेंगी, जो 24 से 26 सितंबर तक वल्लभ नगर स्थित सोफिया स्कूल में आयोजित होगा। शिविर के बाद वे 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक श्रीगंगानगर में होने वाले राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। मोशन एजुकेशन की डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय ने बताया कि वेदा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो पढ़ाई और खेल दोनों में संतुलन बनाना चाहते हैं। उनकी मेहनत और लगन यह संदेश देती है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से सफलता निश्चित है।

अधिकारियों ने घर-घर जागरूकता अभियान के तहत सीधा संवाद किया

कोटा, (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत 24 सितम्बर को व्यापक घर-घर स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में मंडल के कुल 94 रेलवे स्टेशनों पर एक साथ स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ की गईं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस विशेष पहल में कोटा मंडल के सभी 81 अधिकारीगण, कर्मचारियों के साथ सम्मिलित हुए। उन्होंने स्टेशनों, यात्रीगाड़ियों, रेलवे कॉलोनियों, रेलवे चिकित्सालयों, डिपो, वर्कशॉप आदि का भ्रमण कर आमजन से सीधा संवाद किया। इस दौरान लगभग 10,000 लोगों से बातचीत कर स्वच्छता का संदेश पहुँचाया गया। अधिकारियों ने यात्रियों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत के दौरान उन्हें स्वच्छता संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया। सबसे पहले, ट्रेनों में बायो टॉयलेट के सही उपयोग पर बल देते हुए बताया गया कि इनमें प्लास्टिक सामग्री, बोतलें, डायपर तथा अन्य अविघटनीय वस्तुएँ नहीं डालनी चाहिए, क्योंकि इससे शौचालय अनुपयोगी हो जाता है। इसके साथ ही लोगों को प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग न करने की सलाह दी गई, क्योंकि ये पर्यावरण में नष्ट नहीं होते और प्रदूषण फैलाते हैं।

अंत में यात्रियों से अपील की गई कि वे ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर कचरे को केवल निर्धारित डस्टबिन में ही डालें, ताकि परिसर स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बना रह सके। इस अभियान के अंतर्गत अधिकारियों ने अपने-अपने अधीन आवंटित स्टेशनों पर सुरक्षा निरीक्षण भी किया और लोगों को घरेलू व सार्वजनिक स्तर पर स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल ने घर-घर स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र आष्युमान अवस्थी के विद्यालय रिकार्ड में मेरा नाम ललित अवस्थी आलेखित हो रहा है। अब मैंने अपना नाम ललित कुमार अवस्थी रख लिया है। अत: भविष्य में मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में मेरा नाम ललित कुमार अवस्थी ही जाना जावे।
ललित कुमार अवस्थी, म.नं. 310 खाल की गली, पुस्पेंदर ज्वेलरी के पास टिपटा, रेतवाली कोटा

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 39/2025

निविदा सं. 10255218 जिसके खुलने की तिथि 25.09.2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. **EPS/94/2025** के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गये हैं- **Tender No. & short Description:** 10255218 **Description** सप्लाई, इंस्टालेशन, commissioning एंड टेस्टिंग ऑफ वीडियो/ऑडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम, **Tender Opening date : From** 25.09.2025 **To** 06.10.2025. **नोटः** अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें।(हस्ता.)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/518 दिनांक:-24.9.25

नाम हस्तान्तरण बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या-17 बसंत विहार व्यावसायिक योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-544 दिनांक 10.01.1997 द्वारा श्रीमती मूर्ती बाई पत्नी श्री राम किशन वर्मा को आवंटित किया गया था। श्रीमती मूर्ती बाई की मृत्यु दिनांक 28.09.2022 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात श्रीमती मूर्ति बाई के विधिक वारिसान के द्वारा श्री राम किशन वर्मा पुत्र श्री केसरी लाल के पक्ष में हक त्याग किया गया है। हकत्याग ग्रहिता श्री राम किशन वर्मा पुत्र श्री केसरी लाल के नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या-17 बसंत विहार व्यावसायिक योजना का नाम हस्तांतरण श्री राम किशन वर्मा पुत्र श्री केसरी लाल नाम से जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2025-26/101031 **लोक सूचना** दि.23.09.2025

श्री ASHOK KUMAR VERMA पुत्र श्री GOPAL LAL जाति DHOBI निवासी PETROL PUMP KE SAMNE, JAWAHAR NAGAR KOTA श्री DEVISHANKAR पुत्र श्री GOPAL LAL जाति KHANGAR निवासी MANDIR KE PASS, TEHATRU, KUNJER, KUNJER BARAN, RAJ ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **फार्म हाउस** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	मण्डाना, लाडपुरा (कोटा)	DEVI SHANKAR S/O GOPAL LAL CASTE-KHANGAR NI- KUNJED TEH.- ATRU DIST- BARAN KHATEDAR	2273/40	0.96	0.9602
			2276/41	0.47	0.4678
			2279/38	0.08	0.08
			44	0.17	0.17
2.	मण्डाना, लाडपुरा (कोटा)	ASHOK KUMAR VERMA S/O GOPAL LAL VERMA CASTE- DHOBI H.NO A-3, PETROL PUMP KE SAMNE JAWAHAR NAGAR, KOTA KHATEDAR	47	0.12	0.12
			2272/40	0.49	0.4898
			2275/41	0.16	0.1622
			2278/38	0.04	0.04
			2280/46	0.29	0.29
			45	0.21	0.21
				कुल	2.99

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23/09/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/4498 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-23.9.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 03 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम	खसरा सं.	स्थान/कालोनी का नाम	भूखंड सं.	क्षेत्रफल (वर्गफीट)
1	श्री शंकरलाल आत्मज श्री गंगाराम जाति राव निवासी छबड़ा तह. छबड़ा बारां	620	ऐजाज नगर कालोनी	A-125	20x25=500

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1728 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 24.9.25

आवास संख्या 3-डी-3 महावीर नगर तृतीय, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री टीकम चन्द पुत्र श्री किशन चन्द को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री रमेशचन्द के नाम दिनांक 06.06.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री रमेशचन्द के नाम दिनांक 28.09.2000 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री रमेशचन्द द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिय विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 08.09.2003 को श्री शेलेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री मक्खन लाल जैन को किया गया। श्री शेलेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री मक्खन लाल जैन का नाम दिनांक 02.09.2011 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री शेलेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री मक्खन लाल जैन द्वारा इस आवास का बैचान जरिय विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 03.06.2021 को श्री विमल चन्द जैन पुत्र श्री गुलाब चन्द जैन व श्री राजकुमार जैन पुत्र श्री विमल चन्द जैन को संयुक्त रूप से किया गया। श्री विमल चन्द जैन पुत्र श्री गुलाब चन्द जैन व श्री राजकुमार जैन पुत्र श्री विमल चन्द जैन का नाम दिनांक 10.08.2021 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज किया गया। श्री विमल चन्द जैन पुत्र श्री गुलाब चन्द जैन की मृत्यु दिनांक 23.09.2023 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती सुधा पत्नी स्व. श्री विमलचंद, श्रीमती हर्षिता कश्यप पुत्री स्व. श्री विमल चन्द पत्नी श्री ब्रजेश कश्यप एवं श्रीमती अंजना जैन पुत्री स्व. श्री विमलचंद पत्नी श्री मुकेश जैन द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 13.08.2025 को श्री राजकुमार जैन पुत्र स्व. श्री विमल चन्द जैन के पक्ष में किया गया। श्री राजकुमार जैन पुत्र स्व. श्री विमल चन्द जैन द्वारा इस कार्याल